



नवभारत
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल, 2026

एक नजर में

### 16 वर्षीय किशोर की मौत, दूसरा गंभीर

**गुना।** जिले के आरोन क्षेत्र में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ बीच बाजार में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से बाइक सवार दो दोस्तों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक किशोर की जान चली गई, जबकि दूसरा दोस्त जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। शनिवार 4 अप्रैल की शाम करीब 7 बजकर 30 बजे आरोन के पठार मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय आशीष कुशवाहा अपने दोस्त के साथ दुकान से घर लौट रहा था। तभी बीच बाजार में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को गुना जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था। दुर्भाग्यवश, रास्ते में बजरंगगढ़ पहुँचते-पहुँचते आशीष की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। वहीं, उसके दोस्त की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया है, जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है रविवार सुबह गुना जिला अस्पताल में मृतक आशीष का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। घटना के बाद से ही पठार मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों की अनियंत्रित गति पर नाराजगी व्यक्त की है।

# एसपी साहिबा! गुना में फिर हो गई चोरी

## 24 घंटे में दूसरी बड़ी वारदात, इस बार कैंट क्षेत्र में बदमाशों का तांडव, सीसीटीवी में दिखी चोरों की टोली

नवभारत न्यूज

**गुना 5 अप्रैल का। जिले की नवागत एसपी हितिका वासल ने पदभार संभालते पदभार संभालते ही अपराध नियंत्रण और बदमाशों की धरपकड़ के सख्त निर्देश दिए थे। हालांकि एसपी को पदस्थी के बाद ही हनुमान जन्मोत्सव जैसे बड़े आयोजन को सफल बनाने की जिम्मेदारी मिल गई। लेकिन इसके तुरंत बाद ही बदमाशों ने पुलिस को चुनौती पेश करना शुरु कर दिया है।**

गुना जिले में बीते 24 घंटों के दरमियान बदमाशों ने चोरी की कई बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। भगत सिंह कॉलोनी के बाद बदमाशों ने बीती रात कैंट क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। जाहिर है जिन परिवारों के घरों से बदमाश उनके जीवनभर की कमाई लेकर रफूचक्कर हुए हैं, वह पीड़ित अब एसपी हितिका वासल की ओर उम्मीद भरी निगाह देख रहे हैं।



उन्हें पूर्ण विश्वास है कि नवागत शहर के नागरिकों की नींद हराम कर रहे बदमाशों की न केवल धरपकड़ करवाएंगी, बल्कि उनके घर से चोरी हुए आभूषण, नकदी और गृहस्थी का सामान भी वापस मिल सकेगा। दरअसल, शहर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने लगातार दूसरे दिन पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है। भगत सिंह कॉलोनी में आधा दर्जन घरों को निशाना बनाने के अगले ही दिन चोरों ने शहर के दूसरे छोर पर स्थित कैंट क्षेत्र की नीलकंठ कॉलोनी खैजरा रोड में बड़ी वारदात को अंजाम दिया। यहां बदमाशों ने दो घरों में धावा बोला, जिसमें से एक घर से करीब 3 लाख रुपये का माल समेट ले गए।

**खैजरा रोड पर हुई वारदात-** जानकारी सामने आई है कि बदमाशों ने अर्चना दिनकर के मकान को मुख्य रूप से निशाना बनाया। चोर यहां से 35 हजार रुपए नकद, सोने-चांदी के आभूषणों के साथ-साथ घर गृहस्थी का भारी सामान भी ले उड़े, जिसमें 42 इंची एलईडी टीवी, फ्रिज, लैपटॉप, दो पंखे और यहां तक कि 15 हजार रुपए की कीमत का कूलर भी शामिल है। चोरी गए कुल मशरूका की कीमत लगभग 3 लाख रुपए आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि पास ही स्थित एक अन्य मकान में भी बदमाशों ने सेंधमारी की है, हालांकि वहां से हुई चोरी की विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। घटना की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सीसीटीवी कैमरों में करीब 8 से 10 बदमाशों की टोली कैद हुई है, जो बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही कैंट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त करने में जुटी है और क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। लगातार हो रही इन वारदातों से शहरवासियों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

### आंखों में आंसू लेकर बताई पीड़ा

बीती रात हुई चोरी की बड़ी वारदात का शिकार हुआ दिनकर परिवार दुखी है। इस परिवार में मौजूद अर्चना दिनकर रविवार को रोते हुए गले से मीडियाकर्मियों को पूरी जानकारी दी। बताया गया कि बदमाश अर्चना के आभूषण भी ले गए हैं, जो बमुश्किल उनके परिवार द्वारा बनवाए गए थे। इसी तरह घर में रखी जमा पूंजी पर भी बदमाशों ने हाथ साफ कर लिया था। उम्मीद तो यह थी कि कैंट पुलिस भगत सिंह कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में रविवार को कोई खुलासा कर सकती है। लेकिन दिन की शुरुआत इसके विपरीत हुई। भगत सिंह कॉलोनी की चोरी मामले में पुलिस को स्कॉर्पियो जैसा बड़ा सबूत भी हाथ लगा है, लेकिन अभी तक पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है।

## भाजपा संगठन में विकास जैन का बढ़ा कद, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट बने

नवभारत न्यूज

**गुना। भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता और मीडिया प्रबंधन के विशेषज्ञ विकास जैन नखराली को संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए मध्यप्रदेश भाजपा का प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति लंबे समय से संगठन के प्रति अटूट निष्ठा और कुशल संवाद क्षमता का परिणाम मानी जा रही है।**



प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट बनने की सूचना मिलते ही विकास जैन सबसे पहले अयोध्या धाम पहुंचे, जहां उन्होंने हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर श्री हनुमान गढ़ी और प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विकास जैन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल और जिले के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरेंगे और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच रखेंगे। बता दें कि विकास जैन का गुना भाजपा में जिला मीडिया प्रभारी के रूप में लंबा अनुभव रहा है। वे राजनीति के साथ-साथ रोटरी क्लब, सेवा भारती, एकल अभियान और वैश्य महासम्मेलन जैसे सामाजिक संगठनों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

उनकी इस नई जिम्मेदारी से गुना जिले का प्रतिनिधित्व अब प्रदेश स्तर पर और भी सशक्त होगा। नियुक्ति की घोषणा के बाद से ही जिले भर के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है।

## वार्ड क्रमांक 03 में पार्षद ने घर-घर जाकर सुनीं जनसमस्याएं

नवभारत न्यूज

**गुना। नगर पालिका परिषद गुना के वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद एवं चेयरमैन श्रीमती बबीता राजेश साहू ने आज वार्ड की विभिन्न कॉलोनियों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से मुलाकात की और उनकी कुशलता जानने के साथ-साथ वार्ड की मूलभूत समस्याओं पर सीधा संवाद किया।**

भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए पार्षद श्रीमती साहू ने वार्ड वासियों से पेयजल की उपलब्धता और सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि ग्रीष्मकाल में पानी का अपव्यय बिल्कुल न करें और जल संरक्षण में सहयोग दें।

साथ ही, उन्होंने वार्ड को 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में प्रथम स्थान पर लाने का संकल्प दोहराते हुए नागरिकों से कचरा केवल नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डालने का अनुरोध किया। भ्रमण के दौरान साथ चल रहे स्वच्छता प्रभारी को उन्होंने गलियों और नालियों की नियमित व बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। जनसंपर्क के दौरान पार्षद ने आगामी 19 अप्रैल को नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी भी दी।

उन्होंने वार्ड वासियों को प्रेरित किया कि वे विवाह योग्य



बालिकाओं का पंजीयन इस सम्मेलन में कराएं, ताकि शासन की योजना का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने पात्र हितग्राहियों से विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने के संबंध में भी चर्चा की। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद के साथ भाजपा जिला सह-कोषाध्यक्ष राजेश साहू, रामबाबू शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, महेश कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, दिलीप शर्मा, सचिन साहू, अजय नामदेव, प्रमोद भार्गव, सोनू राठौर और बंटी दरोगा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग में विफल होने पर दी जान, इलाके में शोक की लहर

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौदा में 28 वर्षीय युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के पीछे प्रेम प्रसंग में मिली असफलता को मुख्य कारण माना जा रहा है।

जानकारी सामने आई है कि पिपरौदा निवासी राजेश पुत्र मुन्ना शिवहरे का पिछले दो वर्षों से एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों और परिचितों के अनुसार, युवती पहले विवाह के लिए सहमत थी, लेकिन हाल ही में उसने अचानक शादी करने से इनकार कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती ने संभवतः किसी दबाव में आकर यह कदम उठाया, जिससे राजेश मानसिक रूप से काफी आहत था। रविवार सुबह करीब 7 बजे राजेश पिपरौदा स्थित नदी के पास गया, जहाँ उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर के असर के कारण मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब एक परिचित ने राजेश को वहां अचेत अवस्था में पड़ा देख परिजनों को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और राजेश को जिला अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है।

### जिले में दो आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने बड़ी कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत दो कुख्यात अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश के तहत थाना कैंट के ग्राम रिछैरा निवासी 32 वर्षीय लल्लू जाट उर्फ बृजभान को 1 वर्ष के लिए और थाना बजरंगगढ़ के ग्राम ओखरीखेड़ा निवासी 42 वर्षीय उदयभान यादव को 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। इन दोनों अपराधियों को न केवल गुना जिले की राजस्व सीमा, बल्कि इससे सटे पड़ोसी जिलों शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा और भोपाल की सीमाओं से भी तत्काल बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं।



## शिव शक्ति मंडल की महिलाओं ने दिया जल है तो कल है का संदेश

**गुना।** शहर के एक निजी होटल में शिव शक्ति मंडल की महिलाओं द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य थीम 'जल है तो कल है' और 'पर्यावरण संरक्षण' रखी गई। कार्यक्रम की संरक्षक सपना शर्मा ने जल की महत्ता और भविष्य के लिए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक किया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उपायों पर अपने विचार साझा किए और जल संरक्षण पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी में भी भाग लिया। मनोरंजन के सत्र में मंडल की अध्यक्ष नीति भार्गव द्वारा कई आकर्षक खेल आयोजित किए गए, जिसमें पंक्चुअलिटी गेम में गुणवंती प्रथम रहीं। वहीं ग्रुप गेम में लक्ष्मी पाराशर ने प्रथम, सीमा गुप्ता ने द्वितीय और सीमा पालिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने तंबोला का आनंद लिया और विजेताओं को संस्थापक सपना शर्मा द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। सचिव शिल्पा शर्मा द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का समापन लजीज व्यंजनों के साथ हुआ, जिसमें मंडल की सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### आज 5 घंटे गुल रहेगी इन क्षेत्रों की बिजली

**गुना।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कंपनी द्वारा आवश्यक मेंटेनेंस और सुपर विजन कार्य किए जाने के कारण आज, 06 अप्रैल 2026 को कई प्रमुख इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कुशमौदा फीडर पर सुधार कार्य किया जाना है, जिसके चलते सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। आज होने वाली इस कटौती का असर पुराना औद्योगिक क्षेत्र, विंध्याचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेड़ापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तूरबा नगर, पोरवाल कॉलोनी और मारुति शोरूम सहित आसपास के क्षेत्रों पर पड़ेगा। बिजली कटौती की इस समयावधि को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

## मोबाइल पर बात करने से मना किया तो पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

नवभारत न्यूज

**गुना। मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना में, गुना के कैंट थाना अंतर्गत घोसीपुरा इलाके में एक पति ने अपनी ही पत्नी को डीजल डालकर जिंदा जला दिया। महिला का शरीर 90 फीसदी तक झुलस गया है उसे उच्च उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है जहां हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी पति ने न केवल जघन्य घटना को अंजाम दिया बल्कि जब तक महिला आग की लपटों से घिरी रही वह उसे पास में ही खड़ा होकर देखता भी रहा।**

जानकारी के अनुसार, अशोकनगर जिले के भैंसा गांव निवासी पवन रजक अपनी पत्नी 32 वर्षीय दीपा रजक के साथ घोसीपुरा में किराए के मकान में रहता है। दीपा के परिजनों का आरोप है कि पवन किसी अन्य महिला से फोन पर बात कर रहा था। जब दीपा ने इसका विरोध किया, तो पवन ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आक्रोश इतना बढ़ गया कि पवन ने घर में रखा डीजल दीपा पर उड़ेल दिया और उसे आग के हवाले कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मकान मालिक और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई और तुरंत कैंट पुलिस को सूचना दी। घटना के वक्त महिला के तीनों बच्चे गांव में थे। गंभीर रूप से झुलसी दीपा को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार दीपा की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, उसका शरीर 90 प्रतिशत तक जल चुका है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया है। दीपा के भाई ने बताया कि अस्पताल में दिए अपने बयान में दीपा ने स्पष्ट रूप से अपने पति पवन रजक पर ही आग लगाने का आरोप लगाया है। घटना से कुछ देर पहले भी दीपा ने मायके में फोन लगाकर विवाद की जानकारी दी थी।

**क्रूरता की हदें पार**

**पुलिस ने लिया हिरासत में**

कैंट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति पवन रजक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और मायके पक्ष के बयानों के आधार पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की तैयारी में है।

महिला के भाई ने आरोप लगाया है कि पवन अक्सर दीपा के साथ मारपीट और प्रताड़ना करता रहता था। दीपा के ससुर को भी इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी थी लेकिन उन्होंने समय रहते कोई हस्तक्षेप नहीं किया जिसके चलते पवन के हौसले बुलंद हुए और उसने इस जघन्यतम घटना को अंजाम दे दिया।

भंडाफोड़ ▶ ऑनलाइन सट्टा गिरोह के चार और सदस्य गिरफ्तार, अंतर्राज्यीय नेटवर्क का खुलासा

# विशेष अभियान : गुना पुलिस का सट्टेबाजों पर तगड़ा प्रहार

नवभारत न्यूज

**गुना। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में जुआ, सट्टा और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गुना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बमौरी और कैंट थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले संगठित गिरोहों के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है।**

इन कार्रवाइयों से न केवल स्थानीय बल्कि अंतर्राज्यीय स्तर पर चल रहे सट्टा नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है।

**बमौरी पुलिस: फरार दो और सदस्य भेजे गए जेल**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी विवेक अष्ठाना के मार्गदर्शन में बमौरी थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया की टीम ने ऑनलाइन सट्टा गिरोह के दो फरार सदस्यों को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनीष



किरार (21 वर्ष, निवासी बिदाखेड़ी) और साकिर (40 वर्ष, निवासी बमौरी) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि 03 अप्रैल को पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ के बाद आज इन दोनों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।

**कैंट पुलिस: 16 लाख के मशरूके वाले गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार**

सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण और कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में पुलिस ने जनवरी माह से चर्चित ऑनलाइन सट्टा गिरोह के एक और सदस्य राज भार्गव (20 वर्ष, निवासी भार्गव कॉलोनी) को गिरफ्तार किया है। इस संगठित गिरोह में सुपर एडमिन और एजेंट स्तर के करीब 22 सदस्य शामिल थे। पुलिस अब तक इस मामले में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनके कब्जे से 09 मोबाइल, कार व नकदी सहित करीब 16 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया जा चुका है। आरोपी राज के कब्जे से सट्टा खिलाने में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया गया है।

**अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश: 14 आरोपियों पर केस दर्ज**

कैंट पुलिस ने एक अन्य महत्वपूर्ण कार्रवाई में अंतर्राज्यीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया है। 04 अप्रैल की रात कॉम्बिंग गश्त के दौरान पीएम आवास रोड से जयंत उर्फ भोला जैन (36 वर्ष, निवासी विंध्याचल कॉलोनी) को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके मोबाइल में वेबसाइट के माध्यम से सट्टा संचालित होता पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि इस गिरोह में अलग-अलग राज्यों के 13 अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने जयंत को रिमांड पर लिया है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए जाल बिछा दिया है।

## रात भर चली कॉम्बिंग गश्त में 62 वारंटी गिरफ्तार, जिले के अपराधियों में हड़कंप

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और रणनीतिक मार्गदर्शन में गुना पुलिस ने जिले भर में अपराधियों के विरुद्ध एक बड़ा अभियान छेड़ दिया है। शनिवार, 04 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ और एक ही समय पर 'कॉम्बिंग गश्त' की गई। इस सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 62 वारंटियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है, जिनमें 24 स्थाई और 38 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं।



अभियान की शुरूआत में सभी अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मैदान में उतारा। रात भर चली इस कार्रवाई में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में गुंडा-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जिला बदर अपराधियों और इनामी बदमाशों की बारीकी से चेकिंग की। गिरफ्तारी के आंकड़ों पर नजर डालें तो कैंट थाने ने सर्वाधिक 10 स्थाई और 10 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा, जबकि गुना कोतवाली पुलिस ने 03 स्थाई व 07 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार किए। इसी तरह राघौगढ़, आरोन, चांचौड़ा, बमौरी और कुंभराज सहित जिले के अन्य थानों ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। पुलिस की इस अचानक और सख्त कार्रवाई से जहां अपराधियों के बीच दहशत का माहौल है, वहीं आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के प्रति भविष्य में भी इसी तरह की कठोरता और निरंतरता के साथ अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने आमजन से कानून का पालन करने की अपील करते हुए दोहराया है कि गुना पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## जमीनी विवाद में हत्या करने वाला आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

गुना। जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम कागलियापुरा में जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचाया। घटना 04 अप्रैल 2026 की है, जब फरियादी अमरचंद भील निवासी कागलियापुरा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, जमीनी विवाद के चलते गांव के ही आरोपी दिनेश भील ने उनके बेटे दीवान सिंह भील पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस गंभीर मामले में मृगवास थाना पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सुरेश सिंह कुशवाह ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और संभावित



ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की सक्रियता का परिणाम यह रहा कि घटना के कुछ ही घंटों बाद आरोपी दिनेश भील (28 वर्ष, निवासी कागलियापुरा) को गिरफ्तार कर लिया गया।